# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य / मा.द. / गुण.प्र. / परीक्षा / 61196 / 2021–22 / 230-33 दिनांक : 9.3.2022

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
**(मुख्यालय)–माध्यमिक / प्रारम्भिक।**

**विषयः–** सत्र 2021–22 की वार्षिक परीक्षा / आकलन आयोजन के संबंध में।
**प्रसंगः–** शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, राजस्थान, जयपुर का पत्रांक : प. 17(5) शिक्षा–1 / 2020–21 जयपुर, दिनांक : 03.03.2022 के क्रम में ।
**संदर्भः–** इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 20.11.2021 तथा पूर्व प्रसारित परिपत्र क्रमांक : शिविरा–माध्य / मा–स / 22402 / समान परीक्षा / 06 / 2014–15 / 244, दिनांक : 02.06.2014

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शासकीय अनुमोदनोपरान्त जारी विभागीय शिविरा पंचांग में उल्लिखित समयावधि में आंशिक संशोधन करते हुए कक्षा– 1 से 4, 6 व 7 के लिये विद्यालय स्तर पर तथा कक्षा–09 व 11 हेतु वार्षिक परीक्षा का आयोजन समान परीक्षा व्यवस्थान्तर्गत इस कार्यालय के पूर्व प्रसारित संदर्भित पत्रानुरूप निम्नानुसार करवाए जाने की सुनिश्चितता करावें:–

**1. वार्षिक परीक्षा आयोजन :**

- सत्र 2021–22 में समस्त राजकीय / गैर राजकीय माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा– 09 व 11 के विद्यार्थियों हेतु वार्षिक परीक्षा का आयोजन दिनांक : **28.04.2022 से 11.05.2022 के मध्य** जिला समान परीक्षा योजना के माध्यम से जिला स्तर पर किया जाएगा। जिला परीक्षा संयोजकों द्वारा प्रश्न–पत्र का निर्माण, मुद्रण एवं वितरण सम्बन्धी संदर्भित निर्देश दिनांक : 02.06.2014 के अनुरूप कार्यवाही सम्पन्न की जाए।
- कक्षा – 06 व 07 की वार्षिक परीक्षा का आयोजन (प्रश्न पत्र निर्माण) विद्यालय स्तर पर ही किया जाना है।
- सत्र 2021–22 हेतु कक्षा– 01 से 04 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु वार्षिक परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाकर विद्यार्थी का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) प्रक्रियान्तर्गत पोर्टफोलियो के अनुरूप तथा शिक्षकों द्वारा किए गए आकलन के आधार पर किया जाना है। आवश्यकतानुसार पेन एण्ड पेपर टैस्ट लिया जाना है।
- कक्षा 1 से 4, 6 तथा 7 की परीक्षा विद्यालय स्तर पर प्रथम 6 कार्य दिवसों में सम्पन्न कर ली जाये ताकि परीक्षा परिणाम बनाना सुविधाजनक हो।

**2. वार्षिक परीक्षा पाठ्यक्रम :**

- कोविड जनित परिस्थितियों के मद्देनजर RSCERT एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा समस्त कक्षाओं के लिए संक्षिप्तिकृत पाठ्यक्रम सत्र : 2021–22 वार्षिक परीक्षा हेतु निर्धारित किया गया है । उक्त संक्षिप्तिकृत पाठ्यक्रम के आधार पर ही वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्र निर्माण / आयोजन किया जाएगा।

### 3. परीक्षा/आकलन का पैटर्न व अवधिः–

- सत्र 2021–22 के लिए 21 जून 2021 से आरंभ किए गए "आओ घर में सीखे–2.0 कार्यक्रम" के अंतर्गत संचालित स्माइल 3.0 द्वारा विद्यार्थियों को डिजिटल अध्ययन सामग्री, गृहकार्य वर्कशीट, व्हाट्सएप तथा PWA क्विज़ इत्यादि उपलब्ध करवाये जा रहे है, जिसका संधारण विद्यालय में विद्यार्थी पोर्टफोलियो में किया जा रहा है।
- साथ ही कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों को कार्य पुस्तिकाएं (workbooks) भी उपलब्ध कराई गई हैं। कक्षा – 1 से 4 तक के लिए किए जाने वाले आकलन तथा कक्षा– 6 व 7 के लिए विद्यालय स्तर पर आयोज्य होने वाली परीक्षा/आकलन में विद्यार्थियों की (Back grade competency) विगत कक्षा की दक्षता (कोविड –19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर विगत सत्र में वंचित दक्षताओं के सुधार हेतु) का भी मूल्यांकन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।
- प्रति विद्यार्थी संधारित पोर्टफोलियो, वर्क बुक तथा विविध आयोजित परीक्षा/आकलन तथा मौखिक परीक्षा (कक्षा 1 से 4, 6 व 7 के लिए) योगात्मक आकलन/कक्षोन्नति का अंतिम आधार रहेंगे।

सत्र 2021–22 के लिए कक्षावार परीक्षा पैटर्न निम्नानुसार रखा जाना प्रस्तावित हैं–

| कक्षा | आंतरिक मूल्यांकन एवं परीक्षा की कियाविधि | अंक | |
|---|---|---|---|
| **कक्षा 1–2** | 50% पहचान आधारित प्रश्न (विषयानुसार पहचान आधारित प्रश्न) : **पेन–पेपर टैस्ट हेतु।** | 50 | 100 |
| | 20% आंतरिक मूल्यांकन आधारित (कार्यपुस्तिका पूर्णता + वर्कशीट पोर्टफोलियो + क्विज आधारित) | 20 | |
| | 30% मौखिक परीक्षा आधारित। | 30 | |
| **कक्षा 3–4** | 50% वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक प्रति प्रश्न) रिक्त स्थान, सही/गलत, बहुवैकल्पिक : **पेन–पेपर टैस्ट हेतु।** | 50 | 100 |
| | 20% आंतरिक मूल्यांकन आधारित (कार्यपुस्तिका पूर्णता + वर्कशीट पोर्टफोलियो + क्विज आधारित) | 20 | |
| | 30% मौखिक परीक्षा आधारित। | 30 | |
| **कक्षा 6–7** | 70% लिखित परीक्षा आधारित। | 70 | 100 |
| | 20% आंतरिक मूल्यांकन आधारित (कार्यपुस्तिका पूर्णता + वर्कशीट पोर्टफोलियो + क्विज आधारित) | 20 | |
| | 10% मौखिक परीक्षा आधारित। | 10 | |
| **कक्षा 9** | 80% लिखित परीक्षा आधारित। | 80 | 100 |
| | 20% आंतरिक मूल्यांकन आधारित (वर्कशीट पोर्टफोलियो + क्विज आधारित) | 20 | |

<table>
<tr><td>कक्षा 11</td><td>गैर प्रायोगिक विषय (Non-Practical subjects)<br>80% लिखित परीक्षा आधारित।</td><td rowspan="2">80<br>20 } 100</td></tr>
<tr><td></td><td>20% आंतरिक मूल्यांकन आधारित (वर्कशीट पोर्टफोलियो + क्विज आधारित)</td></tr>
<tr><td></td><td>प्रायोगिक विषय (Practical subjects) (प्रायोगिक विषयों में आंतरिक मूल्यांकन निर्धारित प्रायोगिक अंकों के अतिरिक्त शेष 20% अंकों का होगा )<br>• यथा जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल इत्यादि हेतु<br>प्रायोगिक परीक्षा =30 अंक<br>सैद्धांतिक परीक्षा=70 अंक<br>80% (लिखित परीक्षा आधारित)=56 अंक<br>20% आंतरिक मूल्यांकन आधारित =14 अंक<br>(वर्कशीट पोर्टफोलियो + क्विज आधारित)<br>• अन्य प्रायोगिक विषय यथा –संगीत, चित्रकला इत्यादि हेतु<br>प्रायोगिक परीक्षा =70 अंक<br>सैद्धांतिक परीक्षा= 30 अंक<br>80% (लिखित परीक्षा आधारित) =24 अंक<br>20% आंतरिक मूल्यांकन आधारित =06 अंक<br>(वर्कशीट पोर्टफोलियो + क्विज आधारित)</td><td>30 प्रा.<br>70 { 56 लि.प<br>14 आं.मू } 100<br><br>70 प्रा.<br>30 { 24 लि.प.<br>06 आं.मू } 100</td></tr>
</table>

- वार्षिक परीक्षा प्रश्न पत्रों हेतु वार्षिक परीक्षा अवधि कक्षा 9 व 11 के लिये 2 घण्टे 45 मिनिट, कक्षा 6 व 7 के लिये 2 घण्टे 30 मिनिट तथा कक्षा 1 से 4 के लिये 2 घण्टे रहेगी।

**4. परीक्षा प्रश्न पत्र पैटर्नः**

- सत्र 2021–22 हेतु बहुवैकल्पिक प्रश्नों को भी सम्मिलित किया जाएगा।
- अन्य अति–लघुत्तरात्मक, लघुत्तरात्मक एवं निबंधात्मक प्रश्नों में आंतरिक विकल्प (यथा, या, अथवा कोई दो) उपलब्ध करवाए जाएंगे ।
- निबंधात्मक प्रश्नों की संख्या कम की जानी है।
- यथा संभव परीक्षा तैयारी हेतु परीक्षा योजना (पैटर्न) के अनुरूप नमूने के प्रश्न पत्र (मॉडल प्रश्न पत्र) विद्यालय अथवा जिला समान परीक्षा द्वारा विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए जाएं।

कक्षावार प्रश्न पत्र पैटर्न निम्नानुसार रखा जाना प्रस्तावित हैं–

| कक्षा | प्रश्न पत्र पैटर्न |
|---|---|
| कक्षा 1–2 | 100% पहचान आधारित **बहुवैकल्पिक** (MCQ) प्रश्न (विषयानुसार पहचान आधारित |

01

| | |
|---|---|
| | प्रश्न ) : **पेन–पेपर टैस्ट हेतु।** |
| **कक्षा 3–4** | 100% वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक प्रति प्रश्न) रिक्त स्थान, सही / गलत, बहुवैकल्पिक प्रश्न : **पेन–पेपर टैस्ट हेतु।** |
| **कक्षा 6–7** | **वार्षिक परीक्षा हेतुः**<br>50% वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक प्रति प्रश्न) रिक्त स्थान, सही / गलत, बहुवैकल्पिक प्रश्न, अति–लघुत्तरात्मक<br>30% लघुत्तरात्मक<br>20% दीर्घ उत्तरात्मक |
| **कक्षा 9 व 11** | **वार्षिक परीक्षा हेतुः**<br>40% वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक प्रति प्रश्न) रिक्त स्थान, सही / गलत, बहुवैकल्पिक प्रश्न, अति–लघुत्तरात्मक<br>30% लघुत्तरात्मक<br>30% दीर्घ उत्तरात्मक तथा निबंधात्मक |

समस्त सम्बन्धितों द्वारा उपर्युक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना निर्धारित समयावधि में करवाए जाने की सुनिश्चितता की जावें।

**(काना राम )**
आइ.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षामंत्री (प्रारम्भिक तथा माध्यमिक), संस्कृत शिक्षा, कला साहित्य, संस्कृति तथा ए.एस.आई राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री महोदया।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारं. शिक्षा) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त समग्र शिक्षा एवं आयुक्त, राजस्थान शिक्षा परिषद्, जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारम्भिक शिक्षा) विभाग राजस्थान, बीकानेर।
6. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1 / 6) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर।
8. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर / अजमेर।
9. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर।
10. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
11. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा ।
12. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा ।
13. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर ।
14. समस्त प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान।
15. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
16. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
17. रक्षित पत्रावली।

निदेशक,माध्यमिक शिक्षा